## संक्षिप्त समाचार

### नशा मुक्ति केंद्र में दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद जागा सिस्टम

**संवाददाता** देहरादून। हाल ही में क्लेमेनटाउन स्थित नशा मुक्ति केंद्र में दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद सिस्टम जागा है। अब दून के निजी नशा मुक्ति केंद्रों की जांच के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है। जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी किए। बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत संचालित हो रहे नशामुक्ति केंद्र से कई तरह की शिकायत प्राप्त होने के बाद सभी निजी नशामुक्ति केंद्रों की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है।

### बीसीसीआइ सचिव जय शाह अगले सप्ताह आएंगे दून

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह अगले सप्ताह देहरादून आएंगे। वह यहां क्रिकेट के इंफ्रास्ट्रक्चर (आधारभूत संरचना) का जायजा लेने के लिए आ रहे हैं। इस दौरान जय शाह उत्तराखंड के क्रिकेट खिलाडियों को सम्मानित भी करेंगे। हालांकि, अभी उनके देहरादून दौरे की तिथि तय नहीं हुई है। सीएयू के पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द ही बीसीसीआइ की तरफ से दौरे की तिथि घोषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह 26 या 27 अगस्त को शाह के दून आने की उम्मीद है।

### दुनिया में भाई–बहन से बढ़ कर कोई पवित्र रिशता नहीं

**संवाददाता** देहरादून। गुरूवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने देहरादून की कैंट विधानसभा में एक निजी होटल में रक्षाबंधन का त्यौहार आयोजित किया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं द्वारा रविंद्र सिंह आनंद को राखी बांधी गई। इस मौके पर रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि वे बहनों के सम्मान की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में भाई बहन से बढ़ कर कोई पवित्र रिशता नहीं है।

### रियलमी जीटी 5जी सीरीज और लैपटॉप रियलमी बुक (स्लिम) लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड एवं सबसे तेजी से विकसित होते हुए टेक्नॉलॉजी ब्रांड रियलमी ने आज अपनी फ्लेगशिप किलर सीरीज रियलमी जीटी 5जी सीरीज प्रस्तुत की, जिसमें दो अद्भुत 5जी स्मार्टफोन, रियलमी जीटी 5जी और रियलमी जीटी मास्टर एडिशन 5जी शामिल हैं। कंपनी ने अपना पहला लैपटॉप, रियलमी बुक (स्लिम) भी लॉन्च किया। यह अपने सेगमेंट का सबसे स्लिम एवं सबसे कम वजन का लैपटॉप है।

# प्रदेश के विकास के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी

**शुभकामनाएं**

■ माताओं, बहनों के आशीर्वाद से मिलती है सकारात्मक प्रेरणाः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में आयोजित रक्षाबंधन मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माताओं, बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार जनहित के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का मूलमंत्र है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को रक्षाबंधन की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माताओं और बहनों का जो आशीष और स्नेह मिल रहा है, उससे प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए एक सकारात्मक ऊर्जा मिल रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मातृशक्ति के जीवन में सुधार लाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। इनमें उज्ज्वला, स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, आदि मुख्य हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाव में भगवान होते हैं। हमारी सरकार का भाव जनसेवा है। समाज की आखिरी पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रमुख ध्येय है। उन्होने कहा कि कोविड काल में ऑनलाईन पढ़ाई के महत्व के देखते हुए कक्षा 10–12 के छात्र–छात्राओं को सरकार द्वारा मोबाईल टेब दिया जायेगा जिनसे उनकी शिक्षा में और सुधार होगा।

उन्होने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में 24 हजार रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है एवं सरकारी नौकरी के क्षेत्र में ही नही बल्कि बढ़े स्तर पर सरकार विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का भी प्रयास कर रही है, सरकार की मंशा है कि प्रदेश के युवा एवं महिलाऐं रोजगार मांगने वाले नही बल्कि रोजगार देने वाले बने। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि बैंको से मिलने वाला ऋण कि प्रक्रिया को सरल करते हुए शिविरों के माध्यम से जरूरतमन्दों को शिविर में ही ऋण स्वीकृत किया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आजिविका मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बड़े पैमाने पर बाजार में स्थान दिलाने हेतु सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि माताएं–बहने आत्मनिर्भर बन सके। उन्होने कहा कि कोविड–19 के संक्रमण से हुए नुकसान से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उबारने हेतु लगभग 119 करोड़ रूपए का सहायता पैकेज दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि कोविड काल में प्रतियोगी परीक्षाएं न होने के कारण सरकार ने युवाओं को सरकारी नौकरी की भर्ती में आयुसीमा में एक साल की छूट दी है। राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस इन्टर्न के स्टाईपेंड को 7500–प्रतिमाह से बढ़ाकर रूपये 17,000–किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग, एन.डी.ए , सी.डी.एस एवं उसके समकक्ष लिखित परीक्षा पास करने पर परिवार की आर्थिक स्थिति के आधार पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार की तैयारी के लिये 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि तहसील दिवस बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से आमजन मानस की समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### रक्षाबंधन के दिन बहनें कर सकेंगी उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन माताओं–बहनों के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में यात्रा पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगी। इस रक्षाबन्धन पर्व पर आशा व आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 1–1 हजार रूपये की धनराशि उपहार के रूप में दी जायेगी।

# अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल का केंद्र बनेगा टिहरी, कवायत शुरू

**बैठक**

■ पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कसंटेंसी सर्विस के साथ बैठक कर जानी कार्यप्रणाली



**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने टिहरी को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत टिहरी झील में नए बोटिंग प्वाइंट से लेकर पर्यटकों के लिए कई तरह की सुविधाओं का यहां पर विकास किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने टिहरी में विकास कार्यों को करने के लिए कसंटेंसी सर्विस के साथ बैठक की।

गढ़ी कैंट स्थित उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) के सभागार में आयोजित बैठक में कसंटेंसी सर्विस के प्रतिनिधि ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के समक्ष विकास कार्यों की पूरी कार्यप्रणाली प्रस्तुत की। इसमें बताया गया कि जिले में पवित्र और धार्मिक स्थानों के साथ–साथ साहसिक पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही विदेशों की तरह ही टिहरी में होमस्टे, टिहरी दर्शन के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, ध्यान उद्यान, मनोरंजन पार्क, स्पाइस पार्क समेत कई अन्य कार्य किए जाएंगे। इससे टिहरी में देश के साथ विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पर्यटन उत्तराखंड की आर्थिकी का अहम जरिया है। पर्यटन प्रदेश के लाखों लोगों का रोजगार व आजिवीका का साधन हैं। प्रदेश सरकार साहसिक पर्यटन, पर्यावरण पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म, होम स्टे को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए टिहरी में विभिन्न विकास किए जाएंगे। इसके लिए विदेशी पर्यटन नीति के तहत टिहरी को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन हब बनाया जाएगा, जो भविष्य में पर्यटन विकास के लिहाज से अहम साबित होगा।

### आप नेता कर्नल अजय कोठियाल ने भाजपा व कांग्रेस को दी खुली चुनौती

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सेवानिवृत्त कर्नल अजय कोठियाल ने भाजपा व कांग्रेस को खुली चुनौती दी। कर्नल कोठियाल ने कहा कि आप मुझे खुली बहस के लिए बुलाइए, मैं आप लोगों को बताऊंगा की युवाओं को कैसे रोजगार देते हैं। गुरुवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में कर्नल अजय कोठियाल ने पूर्व मुख्य्यमंत्री हरीश रावत के बयान का कटाक्ष किया। जिसमें हरीश रावत ने युथ फाउंडेशन द्वारा युवाओं को तैयार कर रोजगार देने पर सवाल खड़े किए थे। कर्नल कोठियाल ने कहा कि खुद हरीश रावत के बेटे युथ फाउंडेशन के कैंप में आकर हमारे ट्रेनिंग के तरीके को सीख कर जाते हैं। कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा उत्तराखंड को आध्यात्मिक राजधानी की घोषणा के बाद दोनों दलों के नेता परेशान हो गए हैं।


**In a Digital World Why To wait for a Howker**

**Visit Us at http://app.page3news.co.in**

**Supporting Devices**

**All Apple Touch Phones & Tablets**

**All Android Touch Phones & Tablets**

**All Window & BlackBerry Touch Phones 10+**






**Scan This Code**

**Read News**

**Watch News Channel**



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।